IS 15700:2005
सर्वोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड–11
आफिस काम्पलेक्स, वृन्दावन योजना, सेक्टर–9, लखनऊ
Email: cd11lko@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700
SQMS

पत्र सं0– 2465 / E-14 /117 दिनांक– 30/10/2018

## कार्यालय आदेश

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की अभ्युक्ति एवं पूर्णता प्रमाण पत्र
(आवेदन पत्र के भाग–अ, ब, स की फोटो कापी पर जारी किया जाये)

वृन्दावन योजना/सेक्टर–2बी/नगर लखनऊ में स्थित ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–जी0एच0–07 पर 108 नग फ्लैटों का निर्माण (बेसमेंट+स्टिल्ट+9 तलों हेतु) मानचित्र वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–चतुर्थ के द्वारा निर्गत शमनोपरान्त स्वीकृति पत्रांक–2580/नि0प्रा0–33/शमन–2/2018 दिनांक 05.10.2018 को प्राप्त हुई है, जिसके परिप्रेक्ष्य में मैसर्स ए0जी0 हाउसिंग एण्ड प्रापर्टीज प्रा0लि0, ए0जी0 टावर तृतीय तल, बी–1/5 सेक्टर–एफ, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ द्वारा 108 नग फ्लैटों का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुसार कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है। उक्त निर्मित 108 नग फ्लैटों के सम्बन्ध में दिये गये प्रमाण पत्रों का परीक्षण एवं कार्यस्थल का सत्यापन इं0 राजीव रस्तोगी अवर अभियन्ता एवं इं0 राजीव श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता द्वारा किया गया है। रिपोर्ट संलग्न है, जो कि परिषद द्वारा स्वीकृत मानचित्र के अनुरुप सही पाया गया है। उक्त भवन के आर्कीटेक्ट श्री अरुण कुमार, आर्कीटेक्ट एवं इंजीनियर हलवासिया कोड, हजरतगंज, लखनऊ एवं डिजाइनर कैप्टन श्री मनोज वासन (रिटायर्ड एम0टेक0 आई0आई0टी0, कानपुर), 8 प्रथम तल, सना पैलेस–1, शाहनजफ रोड, लखनऊ एवं बिल्डर्स से उक्त बिल्डिंग पूर्णता सेफ है, का शपथ प्रमाण पत्र दिया है।

आवास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय तकनीकी समिति के विचारोपरान्त आवास आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदन उपरान्त वास्तुविद नियोजक, वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–4 लखनऊ के पत्रांक–2581/नि0प्रा0–33/शमन–2/2018/पूर्णता दिनांक 05.10.2018 द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु सूचित किया गया है।

अतः वृन्दावन योजना के सेक्टर–2बी लखनऊ के ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–2बी/जी0एच0–07 के गुणवत्ता भूकम्प अवरोधी एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन का दायित्व भूस्वामी ए0जी0 हाउसिंग एण्ड प्रापर्टीज प्रा0लि0 तथा उनके आर्कीटेक्ट एवं डिजाइनर्स की होगी। इसमें परिषद का कोई दायित्व नही होगा। उक्त प्रतिबन्ध के साथ भूखण्ड संख्या–2बी/जी0एच0–07 में 108 नग फ्लैटों का पूर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

हस्ताक्षर
30/10/18
(अनिल कुमार मिश्र)
पदनामः अधिशासी अभियन्ता
कार्यालय की मुहर

पृ0सं0 / / उक्त / तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य वास्तुविद् नियोजक (म0), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, वृन्दावन वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं वास्तुविद नियोजक, इकाई–4, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
4. मैसर्स ए0जी0 हाउसिंग एण्ड प्रापर्टीज प्रा0लि0, ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–जी0एच0–07, वृन्दावन योजना, लखनऊ।
5. सहायक अभियन्ता–प्रथम/सम्बन्धित अवर अभियन्ता, निर्माण खण्ड–11, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

A.E.Harishankar S.